04 जिले के अस्पतालों से शुरू हुई साइबर...



07 ठेकेदार गिरफ्तार, पूरी सुरक्षा के साथ फिर संचालित...



## खबर संक्षेप

### उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल का सागर आगमन आज



**सागर।** मध्य प्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल 25 जून को सागर प्रवास पर रहेंगे। उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल 24 जून को अपराह्न 4 बजे भोपाल से रवाना होकर सायं 7 बजे सागर पहुंचेंगे। उपमुख्यमंत्री शुक्ल 25 जून को प्रातः 09:30 बजे जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम अंतर्गत प्रचलित कार्यों का निरीक्षण करेंगे एवं प्रातः 10:30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। तत्पश्चात अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होकर दोहपर 2 बजे सागर से रीवा के लिए प्रस्थान करेंगे।

### कलेक्टर ने किया ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पाल ने बुधवार को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश रावत की उपस्थिति में ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस में रखी ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था, सील की स्थिति तथा अभिलेखों का परीक्षण किया गया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप मशीनों के सुरक्षित रख-रखाव एवं नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, चुनाव पर्यवेक्षक प्रमोद रजक तथा सहायक ईवीएम नोडल अधिकारी मुकेश पटेल भी उपस्थित रहे।

### खाद विक्रय कैश काउंटर संचालित करने हेतु कलेक्टर के निर्देश

**सागर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रतिभा पाल के निर्देशन में खरीफ सीजन 2026 के दौरान किसानों को उर्वरकों की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न डबल लॉक उर्वरक वितरण केन्द्रों पर अतिरिक्त नगद खाद विक्रय काउंटर संचालित किए जाने के आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेश के विगत आयोजित उर्वरक समीक्षा बैठक में किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए यह निर्णय लिया गया। उक्त आदेशानुसार जिले के डबल लॉक उर्वरक वितरण केन्द्रों पर संबंधित सहकारी समितियों को नगद खाद विक्रय हेतु संबद्ध किया गया है। गढ़ाकोटा केन्द्र के लिए खेरा एवं झागरी, रहली के लिए धनगुवां एवं खमरिया, बंडा के लिए चंदोख सहावन तथा जगथर समितियों को जोड़ा गया है। इसी प्रकार नई मंडी सागर केन्द्र हेतु खजुरियागुरु, बीना हेतु किरौंदा एवं पिपरासर, खुरई हेतु खजराहरचंद एवं गढ़ोलाजागीर, राहतगढ़ हेतु राहतगढ़ एवं ऐरनमिर्जापुर तथा सीहोरा केन्द्र हेतु सीहोरा एवं बेरखेड़ी सड़क समितियों को संबद्ध किया गया है। इसके अलावा केसली केन्द्र के लिए पटनासिरियापानी एवं बम्होरी, जैसीनगर हेतु रीछई एवं जैसीनगर, मालथौन हेतु पिडरूआ एवं मालथौन, शाहगढ़ हेतु लिधौरा, देवरी हेतु जैतपुर पिपरिया एवं मुनियापंडित, गौरझामर हेतु चरगुवां तथा मकरोनिया सागर केन्द्र हेतु कर्रापुर, मोकलपुर एवं केरबना समितियों को नकद उर्वरक मोकलपुर एवं केरबना समितियों को नगद उर्वरक विक्रय व्यवस्था से जोड़ा गया है। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने उपायुक्त सहकारिता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सागर को उक्त आदेश का प्रभावी पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

युवाओं को आपातकाल का इतिहास जानना और लोकतंत्र की रक्षा के लिए सजग रहना होगा

# आपातकाल लोकतंत्र पर सबसे बड़ा प्रहार था, देश कभी नहीं भूलेगा वह काला अध्याय : भूपेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि 25 जून 1975 भारतीय लोकतंत्र के इतिहास की वह काली रात है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। यह वह दिन था जब सत्ता के अहंकार ने संविधान की भावना को कुचल दिया, लोकतंत्र का गला घोंट दिया और देश की जनता से उसके मौलिक अधिकार छीन लिए गए। स्वतंत्र भारत में पहली बार ऐसा हुआ जब सरकार ने स्वयं अपने नागरिकों के विरुद्ध लोकतांत्रिक संस्थाओं का दमन किया।



देश पर आपातकाल थोपकर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, राजनीतिक अधिकारों और नागरिक स्वतंत्रताओं को बंदी बना लिया गया। इसलिए भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में आपातकाल केवल एक राजनीतिक घटना नहीं, बल्कि लोकतंत्र पर लगा एक काला धब्बा है। भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के केवल 28 वर्ष बाद ही देश ने वह दुर्भाग्यपूर्ण दौर देखा, जब सत्ता को बचाने के लिए लोकतंत्र को ही कैद कर लिया गया। यह भारतीय लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे बड़ा विरोधाभास था कि जिस संविधान ने नागरिकों को अधिकार दिए थे, उसी संविधान की भावना की हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि आपातकाल की पृष्ठभूमि 12 जून 1975 को बने राजनीतिक घटनाक्रम से जुड़ी थी, जब इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चुनाव को अवैध घोषित कर दिया था। सत्ता बचाने के लिए 25 जून 1975 की आधी रात को राष्ट्रपति से हस्ताक्षर कराकर संविधान के अनुच्छेद 352 के अंतर्गत देश पर आपातकाल लागू कर दिया गया और इसके साथ ही भारत का लोकतंत्र एक ऐसे अंधकारमय दौर में प्रवेश कर गया, जहां सत्ता सर्वोपरि और नागरिक अधिकार गौण बना दिए गए।

उन्होंने कहा कि आपातकाल लागू होते ही सबसे पहले विपक्ष की आवाज को कुचलने का अभियान चलाया गया। अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, नानाजी देशमुख, राजमाता विजयाराजे सिंधिया, राजनाथ सिंह, जयप्रकाश नारायण, मोरारजी देसाई, जॉर्ज फर्नांडिस, चंद्रशेखर सहित हजारों राजनीतिक नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विचारकों को रातों-रात गिरफ्तार कर जेलों में डाल दिया गया। भारतीय जनसंघ और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े अनेक कार्यकर्ताओं ने उस दौर में लोकतंत्र की रक्षा के संघर्ष में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लाखों लोगों को बिना किसी मुकदमे के जेलों में रखा गया। असहमति को लोकतांत्रिक अधिकार के बजाय अपराध मान लिया गया और पूरे देश में विरोध की हर आवाज को दबाने का सरकारी अभियान चलाया गया।

भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि स्वतंत्र पत्रकारिता का गला घोंट दिया गया और प्रेस को सरकारी नियंत्रण की जंजीरों में जकड़ दिया गया। समाचार पत्रों पर कड़ी सेंसरशिप लागू कर दी गई।कई प्रतिष्ठित समाचार पत्रों ने विरोधस्वरूप अपने संपादकीय कॉलम खाली छोड़ दिए, ताकि देश समझ सके कि लोकतंत्र की आवाज पर पहरा बैठा दिया गया है। उन्होंने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चैथा स्तंभ माना जाता है, लेकिन आपातकाल में उसे भी सत्ता के दबाव में काम करने के लिए विवश किया गया।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जो राष्ट्र निर्माण और सामाजिक जागरण का एक महत्वपूर्ण संगठन रहा है, उस पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया। हजारों स्वयंसेवकों को जेलों में बंद किया गया। भारतीय जनसंघ के कार्यकर्ताओं ने भूमिगत रहकर लोकतंत्र बचाने का संघर्ष जारी रखा। अनेक कार्यकर्ताओं ने यातनाएं सहीं, परिवारों से दूर रहे और जेलों की कठिन परिस्थितियों का सामना किया, लेकिन लोकतंत्र की रक्षा के अपने संकल्प से पीछे नहीं हटे। यह संघर्ष किसी राजनीतिक दल का नहीं, बल्कि लोकतंत्र को बचाने का राष्ट्रीय आंदोलन था। आपातकाल के दौरान न्यायपालिका पर भी दबाव बनाने की कोशिश की गई। स्थिति इतनी गंभीर हो गई थी कि यह प्रश्न खड़ा हो गया कि क्या किसी नागरिक को अपने जीवन और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए न्यायालय का दरवाजा खटखटाने का अधिकार भी है। नागरिकों से न्याय मांगने और अपनी स्वतंत्रता की रक्षा के संवैधानिक अधिकार तक छीन लिए गए थे। यह किसी भी लोकतांत्रिक राष्ट्र के लिए अत्यंत भयावह स्थिति थी। जब नागरिक अपने अधिकारों की रक्षा के लिए न्यायपालिका तक न पहुंच सकें, तब लोकतंत्र का अस्तित्व ही संकट में पड़ जाता है।



## राजस्व मामलों की गहन समीक्षा की लापरवाही पर राहतगढ़ तहसीलदार को एससीएन और रीडर को निलंबित करने की कार्रवाई

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व मामलों की व्यापक समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट लहजे में कहा कि जनहित के कार्यों और राजस्व मामलों में किसी भी प्रकार की लेट लतीफी नहीं होनी चाहिए। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों -कर्मचारियों पर तत्काल अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में न्यायालयवार आरसीएमएस में पंजीकृत, निराकृत और लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी राजस्व न्यायालयों के बाहर अनिवार्य रूप से वाद सूची चस्पा की जाए और भौतिक दायरे/रजिस्टर आवश्यक रूप से बनाए जाएं। पुरानी शिथिल व्यवस्थाओं को तत्काल बंद किया जाए। न्यायालयीन आदेशों को अमल में लाने की नियमानुसार प्रक्रिया अपनाई जाए और ऐसा न होने की स्थिति में सीधे पीठासीन अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। विगत दिवस राहतगढ़ तहसील कार्यालय भ्रमण के दौरान कार्य में घोर लापरवाही पाए जाने पर कलेक्टर ने राहतगढ़ तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस तथा तहसीलदार राहतगढ़ के रीडर को निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। समय-सीमा की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने नामांतरण के लंबित मामलों को आगामी 10 दिनों में हर हाल में शून्य पर लाने के निर्देश दिए। बंटवारे के प्रकरण भी अधिकतम तीन महीने के भीतर अनिवार्य रूप से निराकृत होने चाहिए। वहीं, सीमांकन के लंबित मामलों को आगामी 10 दिनों के भीतर (बारिश शुरू होने से पहले) मौके पर जाकर निपटाने की सख्त समय-सीमा तय की गई है। इसके अलावा, फार्मर रजिस्ट्री के कार्य को गति देते हुए 15 अगस्त तक शत-प्रतिशत बायोमैट्रिक और बकेटिंग का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

## एमपीआरडीसी का नया प्रयोग: करोड़ों की लागत से बनी सड़क दे रही पगडंडियों का अहसास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

नगर के गांधी मूर्ति से लेकर कॉलेज तक करोड़ों रुपए की लागत से बन रही सड़क इस समय मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम की प्रयोग शाला बन चुकी है। इस सड़क का डिजाइन और निर्माण कार्य देखकर ऐसा लगता है, मानो विभाग ने शहर के लोगों को गांव की पुरानी पगडंडियों की याद दिलाने के लिए कोई विशेष प्रयोग किया हो। सड़क की चौड़ाई और समतलता का आलम यह है कि यहां हर कदम पर नया नाप देखने को मिल रहा है और हर दस कदम पर इसका (संतुलन) बिगड़ा हुआ नजर आता है।





### लहरदार सड़क और बाधाओं का अंबार

सड़क को पूरी तरह लहरदार बना दिया गया है, जिससे वाहनों का हिचकोले खाना तय है। सबसे बड़ी लापरवाही यह है कि मानसून ने दस्तक दे दी है, लेकिन सड़क का काम जगह-जगह अधूरा छोड़ दिया गया है। बिना बिजली के खंभों को शिफ्ट किए ही सड़क का निर्माण कर दिया गया है, जो हादसों को खुला निमंत्रण दे रहे हैं। पर्याप्त जगह उपलब्ध होने के बावजूद सड़क को सीधा बनाने के बजाय रहस्यमयी ढंग से घुमावदार बना दिया गया है।

### जलभराव का मंडरा रहा खतरा

निर्माण कार्य में तालमेल की कमी का खामियाजा स्थानीय निवासियों को भुगतना पड़ेगा। बीएसएनएल की बाउंड्री वॉल न टूटने के कारण एक तरफ की नाली पूरी तरह पैक हो चुकी है। पानी निकासी का कोई रास्ता न होने से अब शुरूआती बारिश में ही पानी शिशु मंदिर और मुख्य सड़क पर जमा होने लगा है।

### सरकारी आवास को विशेष रियायत?

सड़क चौड़ीकरण के लिए गुनाकर पार्क के आगे बाउंड्री वॉल तोड़कर नई दीवार बनाई जा रही है। लेकिन हैरान करने वाली बात यह है कि एक सरकारी आवास के सामने इस बाउंड्री वॉल को अचानक चार फीट आगे बढ़ाकर बनाया जा रहा है। यह हिस्सा पूरी सड़क पर अलग से ही निकला हुआ दिखाई देगा, जो आने वाले समय में यातायात के लिए बड़ी मुसीबत बनेगा। ऐसी दर्जन भर खामियां इस पूरी परियोजना में साफ देखी जा सकती हैं।

इस पूरे मामले को लेकर जब एमपीआरडीसी के इंजीनियर मुकुल चौरसिया से बात की गई, तो वे मूल स्थिति और खामियों पर सीधा जवाब देने से बचते नजर आए। उन्होंने संक्षेप में सिर्फ इतना कहा: तकनीकी समस्याओं का जल्द समाधान किया जा रहा है। निर्माण कार्य में कुछ प्रशासनिक अड़चनें आ रही हैं, जिनके निराकरण के लिए संबंधित विभाग और प्रशासन को पत्र लिखा गया है। अब देखना यह होगा कि करोड़ों की इस सड़क पर हुए इस 'अनोखे प्रयोग' को अधिकारी कब तक सुधार पाते हैं, या फिर रहली की जनता को इस आधुनिक पगडंडी पर ही सफर करने को मजबूर होना पड़ेगा।



## व्यक्ति ने ट्रेन के सामने कूदकर किया सुसाइड, बिना बताए घर से निकला था

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

खुरई-बीना रेलवे ट्रैक पर गूलर गांव के पास एक व्यक्ति ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। शव वाहन उपलब्ध न होने के कारण शव कई घंटों तक रेलवे ट्रैक के किनारे पड़ा रहा, जिससे कार्यवाही में देरी हुई। काफी प्रयासों के बाद मृतक की पहचान हो सकी।

### गूलर गांव के पास की घटना

रेलवे द्वारा खुरई देहात थाना पुलिस को गूलर गांव के पास एक अज्ञात शव पड़े होने की सूचना दी गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि एक व्यक्ति ने ट्रेन के आगे आकर अपनी जान दी है। शव को अस्पताल ले जाने के लिए शव वाहन की अनुपलब्धता के कारण पुलिस को पंचनामा कार्यवाही में विलंब का सामना करना पड़ा।

### मजदूरी का काम करता था

बाद में मृतक की पहचान रुसल्ला गांव निवासी हरनाम पिता लक्ष्मन अहिरवार (41) के रूप में हुई। परिजनों ने पुलिस को बताया कि हरनाम मजदूरी का काम करता था और सोमवार दोपहर को बिना बताए घर से चला गया था। उन्हें बाद में उसकी आत्महत्या की सूचना मिली।


### मामले की जांच कर रही पुलिस

देहात थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। मामले की जांच कर रहे खुरई देहात थाना के प्रधान आरक्षक रमेश कुमार ने बताया कि सूचना मिलने के बाद वे मौके पर पहुंचे थे। फिलहाल मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।



## 154वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न

**सागर।** डॉ हरी सिंह गौर विश्वविद्यालय के पूर्व चिकित्सा अधिकारी ब्र. डॉ. सोमेश्वर नाथ शुक्ला एवं ब्र. शांति देवी शुक्ला की स्मृति में 154 वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर बुधवार को संपन्न हुआ। इसमें जिसमें 144 रोगियों का निशुल्क रोग स्वास्थ्य परीक्षण तथा परामर्श डॉ राजेश शुक्ला द्वारा दिया गया। जिसमें योग प्रशिक्षण एवं आहार का आयुर्वेद से संबंधित निशुल्क साहित्य भी वितरित किया गया। जिसमें मधुमेह 52, रक्ताल्पता 34, यूरिक एसिड 25, बाडी मॉस 20, श्वास 13 की जांच कर परामर्श दिया गया। यह शिविर शिवोम सोम शांति चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, 5 सिविल लाइन सागर में किया गया है। जिसमें मकरोनिया, पथरिया जाट, रजाखेड़ी, बरारु बाबूपुरा, शाहगढ़ एवं विभिन्न अंचलों के लोग शामिल हुए। इस शिविर में अर्पित देसाई सत्येश शुक्ला, वीरेन्द्र गोस्वामी, अंकित जैन, दीपक शाह, साहिल जैन, प्रदीप दुबे, आर्यन शुक्ला, आशीष जैन, दीपक मिश्रा इत्यादि का विशेष सहयोग रहा। 155वां शिविर बुधवार 22 जुलाई 2026 को पुनः शिवोम सोम शांति चिकित्सालय एवं 5 सिविल लाइन सागर में किया जावेगा।



## गणतंत्र दिवस मंच पर अश्लील डांस का वीडियो वायरल, तीन कंटेंट क्रिएटर्स पर केस दर्ज

**सागर।** सोशल मीडिया पर गणतंत्र दिवस से जुड़े एक वीडियो को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। मामले में गोपालगंज थाना पुलिस ने जांच के बाद तीन कंटेंट क्रिएटर्स के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। आरोप है कि राष्ट्रीय पर्व और तिरंगे से सजे मंच पर अश्लील एवं द्विअर्थी गीत पर प्रस्तुति देकर राष्ट्रीय प्रतीकों का अपमान किया गया। शिकायतकर्ता अधिवक्ता अभिनव श्रीवास्तव ने पुलिस को आवेदन देकर बताया था कि 23 जनवरी 2026 को फेसबुक पर आदित्य ठाकुर शेखपुर नामक प्रोफाइल से एक वीडियो पोस्ट किया गया था। वीडियो में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का मंचन दिखाया गया, जिसमें तिरंगे से सजे मंच पर भोजपुरी अश्लील और द्विअर्थी गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया गया।पुलिस जांच के दौरान शिकायतकर्ता, गवाहों के बयान तथा वीडियो फुटेज की जांच की गई। जांच में वीडियो का संबंध बांदरी क्षेत्र से पाया गया। इसके बाद पुलिस ने आदित्य ठाकुर, विशाल उर्फ बांदरी वाले और रानू रैकवार के खिलाफ प्रथम दृष्टया अपराध पाए जाने पर मामला दर्ज कर लिया।पुलिस के अनुसार आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 296(ए) तथा राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम 1971 की संबंधित धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

## ज्ञान भारतम मिशन के तहत पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए दी गई आवश्यक जानकारी

**सागर।** ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत 24 जून को कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में राज्य पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय सागर द्वारा ज्ञान भारतम मिशन के तहत किस प्रकार पांडुलिपियों का सर्वे करना एवं ज्ञान भारतम एप में अपलोड करना इसकी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। भारत सरकार द्वारा शुरू कि गए ज्ञान भारतम मिशन का मुख्य उद्देश्य यह है कि भारत वर्ष में जितनी भी पांडुलिपियाँ है, उनका संरक्षण एवं संवर्धन हो सके। तथा डिजिटाइनेशन किया जा सके। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अवनीश रावत, सिटी मजिस्ट्रेट गगन बिसेन, एसडीएम अमन मिश्रा एवं कलेक्टर कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

महापौर की उपस्थिति में आपकी महापौर आपके द्वार एवं जनचैपाल का 17 वां शिविर संपन्न

# नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान व पात्र हितग्राहियों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर निगम द्वारा संचालित "आपकी महापौर आपके द्वार एवं जनचैपाल" अभियान के अंतर्गत 17वां शिविर गुरु गोविंद सिंह एवं तुलसी नगर वार्ड में स्थित मंगल भवन में महापौर संगीता सुशील तिवारी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में वार्डवासियों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं प्रस्तुत कीं, जिनके निराकरण हेतु मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई की गई। साथ ही शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित कराने के लिए आवेदन प्राप्त कर आवश्यक प्रक्रिया प्रारंभ की गई।




इस अवसर पर महापौर संगीता तिवारी ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर के सभी वार्डों में जनचैपाल शिविर आयोजित कर नागरिकों की समस्याओं का समाधान उनके क्षेत्र में ही सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र नागरिक तक पहुंचाना नगर निगम की प्राथमिकता है। उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में उपस्थित होकर अपनी समस्याएं एवं आवश्यकताओं से अवगत कराने की अपील की, ताकि समय-सीमा में उनका निराकरण किया जा सके। महापौर ने बताया कि शिविरों में वृद्धावस्था पेंशन, कल्याणी पेंशन, संबल कार्ड, समग्र आईडी, राशन पर्ची, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्ट्रीट लाइट, अतिक्रमण, जलप्रदाय, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के समाधान के साथ-साथ विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने की कार्रवाई की जा रही है।

शिविर के दौरान वार्डवासियों की मांग पर तुलसीनगर एवं गुरूगोविंद सिंह स्थित पटवारी नाले का निरीक्षण किया और बारिश के पूर्व ही नाले की बड़ी जे.सी.बी.मशीन लगाकर सफाई कराने के निर्देश दिये ताकि बारिश में किसी भी घर में नालें का पानी न भर सकें।

इसके साथ ही वार्डवासियों की मांग पर तुलसीनगर एवं गुरूगोविंद वार्ड में नाला एवं सडक निर्माण कार्य कराये जाने का आवश्वासन दिया।

## टीकमगढ़ में मिलीं दुर्लभ पांडुलिपियां, यंत्र-मंडलों ने बढ़ाई शोधकर्ताओं की उत्सुकता

**शोधकर्ताओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनी**

# जैन मंदिरों के पोटलों से निकला रहस्यमयी ज्ञानकोषः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

ज्ञान भारत अभियान के तहत जिले में संचालित खोज एवं दस्तावेजीकरण कार्य के दौरान एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और ऐतिहासिक खोज सामने आई है। जिले के जैन मंदिरों के संग्रह में संरक्षित कुछ दुर्लभ हस्तलिखित पांडुलिपियां प्राप्त हुई हैं, जिनमें अंकित रहस्यमयी यंत्र, मंडल, बीजाक्षर, मंत्र-संरचनाएं और ज्यामितीय आकृतियां शोधकर्ताओं के लिए आकर्षण का केंद्र बन गई हैं। प्रारंभिक अध्ययन में ये पांडुलिपियाँ प्राचीन देवनागरी अथवा प्राकृत-आधारित लिपि में लिखी हुई प्रतीत हो रही हैं।

पूर्व में मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग में अतिरिक्त प्रबंध निदेशक जैसे महत्वपूर्ण पद पर रहकर मध्यप्रदेश में वाइल्डलाइफ टूरिज्म, ग्रामीण पर्यटन और होम-स्टे जैसी राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर की पहलों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने अपने अनुभव के आधार पर जानकारी साझा करते हुये बताया कि टीकमगढ़ में मिली इन पांडुलिपियों में अंकित चित्रात्मक संरचनाएँ तत्कालीन धार्मिक, आध्यात्मिक, दार्शनिक और अनुष्ठानिक परंपराओं की ओर संकेत करती हैं। कई पृष्ठों पर ऐसे यंत्र बने हुए हैं जो बारह खंडों में विभाजित दिखाई देते हैं। माना जा रहा है कि इनका संबंध दिशात्मक शक्तियों,



रक्षात्मक मंडलों, ज्योतिषीय संकेतों अथवा साधना-चक्रों से हो सकता है। हालांकि इनका वास्तविक अर्थ और उद्देश्य गहन अध्ययन के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। पांडुलिपियों में अनेक स्थानों पर बीजाक्षरों की पुनरावृत्ति और केंद्र में स्थापित पवित्र मंत्र अंकित हैं। यह तथ्य संकेत देता है कि इनका उपयोग केवल धार्मिक दर्शन या अध्ययन तक सीमित नहीं था, बल्कि किसी विशिष्ट साधना-पद्धति, अनुष्ठान या आध्यात्मिक क्रियाओं में भी किया जाता रहा होगा। इन दस्तावेजों में दिखाई देने वाली संरचनाएँ भारतीय ज्ञान परंपरा की उस धारा की झलक प्रस्तुत करती हैं, जिसमें आध्यात्मिक साधना, प्रतीक विज्ञान और दार्शनिक चिंतन का समन्वय दिखाई देता है। खोज में प्राप्त



एक चित्र विशेष रूप से चर्चा का विषय बना हुआ है, जिसमें कुण्डलाकार अथवा सर्पिल आकृतियाँ अंकित हैं। भारतीय तांत्रिक और आध्यात्मिक परंपराओं में सर्पिल संरचनाओं को ऊर्जा, संरक्षण, चेतना के जागरण तथा ब्रह्मांडीय व्यवस्था के प्रतीक के रूप में देखा जाता रहा है। इस कारण यह संभावना भी व्यक्त की जा रही है कि इन पांडुलिपियों का संबंध रक्षा-यंत्रों, शांति-विधानों, साधना-पद्धतियों अथवा मंदिरों की आध्यात्मिक सुरक्षा से जुड़े अनुष्ठानों से रहा हो सकता है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने जानकारी साझा करते हुये बताया कि इन पांडुलिपियों को किसी अंतिम निष्कर्ष के रूप में प्रस्तुत नहीं किया गया है, बल्कि अध्ययन और विमर्श को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सार्वजनिक किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्षों से अलमारियों और पोटलों में सुरक्षित यह धरोहर अब विद्वानों और शोधकर्ताओं के सामने आ रही है। यदि पांडुलिपि विशेषज्ञ, संस्कृत एवं प्राकृत भाषा के अध्येता तथा जैन साहित्य के शोधकर्ता इनका गहन अध्ययन करें तो क्षेत्र के इतिहास और भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़े कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आ सकते हैं। कलेक्टर श्रोत्रिय ने यह भी जानकारी दी कि इन दुर्लभ पांडुलिपियों के संबंध में संस्कृति विभाग के आयुक्त को अवगत कराया गया है। आयुक्त द्वारा इनके संरक्षण, वित्तपोषण, प्रतिकृति निर्माण, लेमिनेशन तथा स्मारिका प्रकाशन जैसे कार्यों के लिए सहयोग देने की सहमति प्रदान की गई है। इससे स्पष्ट है कि इन पांडुलिपियों को सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। ज्ञान भारत अभियान के दौरान हुई यह खोज न केवल टीकमगढ़ की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान देने वाली है, बल्कि बुंदेलखंड क्षेत्र की प्राचीन ज्ञान-संपदा और जैन परंपरा के अध्ययन के लिए भी नए द्वार खोल सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि विस्तृत शोध के बाद ये पांडुलिपियाँ भारतीय सभ्यता और आध्यात्मिक परंपराओं के अनेक अनछुए पहलुओं पर प्रकाश डालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

**सेफ क्लिक अभियान 2.0 की शुरुआत, साइबर ठगी से बचाने सड़कों पर उतरी पुलिस**

# सेफ क्लिक ही सुरक्षित भविष्य की कुंजीः एसपी मंडलोई





हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

डिजिटल युग में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों के प्रति नागरिकों को जागरूक और सतर्क बनाने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय के निर्देशन में संचालित प्रदेश स्तरीय सेफ क्लिक अभियान 2.0 का शुभारंभ बुधवार को पुलिस लाइन परिसर में किया गया। अभियान का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों, युवाओं एवं बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में अधिकांश सेवाएं डिजिटल माध्यमों से संचालित हो रही हैं, ऐसे में साइबर अपराधियों द्वारा लोगों को ठगी का शिकार बनाने के नए-नए तरीके अपनाए जा रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से ऑनलाइन लेनदेन, सोशल मीडिया और इंटरनेट का उपयोग करते समय विशेष सतर्कता बरतने की अपील की। अभियान के तहत जिलेभर में साइबर सुरक्षा संबंधी संदेशों के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए साइबर जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ जिले के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी फ्रॉड, डिजिटल भुगतान सुरक्षा, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी देगा।


इसके बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा साइबर सुरक्षा जागरूकता रैली को भी रवाना किया गया। रैली में पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों के साथ बड़ी संख्या में युवा और बच्चे शामिल हुए। शहर के प्रमुख मार्गों एवं चौराहों से होकर निकली रैली के दौरान प्रतिभागियों ने साइबर सुरक्षा संबंधी संदेश लिखी तख्तियां हाथों में लेकर आमजन को जागरूक किया। रैली के माध्यम से लोगों को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने और साइबर अपराधों की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने बताया कि प्रदेश स्तरीय सेफ क्लिक अभियान 2.0 24 जून से 8 जुलाई तक संचालित किया जाएगा। इस 15 दिवसीय अभियान के दौरान जिलेभर में कार्यशालाएं, जनसंवाद, जागरूकता कार्यक्रम, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में विशेष सत्र तथा विभिन्न प्रचार गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाना और डिजिटल अपराधों की रोकथाम में जनभागीदारी सुनिश्चित करना है।

# हरप्रसाद बने पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत-सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व द्वारा संगठनात्मक विस्तार के तहत की जा रही नियुक्तियों के क्रम में हरप्रसाद कुशवाहा को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा टीकमगढ़ का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति की घोषणा के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा गया। भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत ने कार्यकर्ताओं के साथ उनके निवास पहुंचकर शाल, श्रीफल एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया और नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। भाजपा मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि हरप्रसाद कुशवाहा लंबे समय से संगठन से जुड़े हुए हैं और पूर्व में ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सहित विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। जमीनी स्तर पर सक्रिय रहकर संगठन को मजबूत बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जिसके चलते पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत ने कहा कि हरप्रसाद कुशवाहा को पिछड़ा वर्ग मोर्चा का जिलाध्यक्ष बनाए जाने से कार्यकर्ताओं में खुशी और उत्साह है। उन्होंने कहा कि कुशवाहा ने हमेशा संगठन हित को प्राथमिकता देते हुए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य किया है। उनके नेतृत्व में पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिले में संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा तथा समाज के विभिन्न वर्गों तक पार्टी की नीतियों और योजनाओं को प्रभावी ढंग से पहुंचाने का कार्य करेगा। सम्मान समारोह के दौरान हरप्रसाद कुशवाहा ने भी भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत का सम्मान करते हुए उन्हें कुंडेश्वर महादेव का चित्र भेंट किया। उन्होंने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उसके लिए सदैव ऋणी रहेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा, मेहनत और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे तथा कार्यकर्ताओं की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे। हरप्रसाद कुशवाहा की नियुक्ति पर केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार, जतारा विधायक हरिशंकर खटीक, पूर्व विधायक राकेश गिरी गोस्वामी, पूर्व मंत्री राहुल सिंह लोधी, भाजपा महामंत्री मनोज देवलिया, अभय प्रताप सिंह यादव, अश्वनी चढ़ार, रीतेश भदौरा, अंकित तोमर, विकास यादव, प्रजातंत्र गंगेले, रामगोपाल चौरसिया, विवेक अग्रवाल आदि ने दी बधाई।



# राष्ट्रभक्ति के प्रतीक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलेरा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा मंगलवार को श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर बूथ स्तर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को स्मरण किया। इस अवसर पर आयोजित सभा में भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन सिंग्या ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग और अखंड भारत की भावना को समर्पित रहा। उन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए जो संघर्ष किया, वह आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणादायक है। उनके विचार और सिद्धांत वर्तमान पीढ़ी को राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्रीय एकता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके आदर्शों का अनुसरण कर ही सशक्त और विकसित भारत के निर्माण का संकल्प साकार किया जा सकता है। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश नायक, पूर्व पार्षद अवध नापित, पार्षद रामकिशोर यादव, कार्यालय मंत्री तेज खान, पार्षद गुलाब आदिवासी, अज्जुदी पाल, पत्रकार सद्दाम राईन, पत्रकार हरिशंकर चौरसिया, एनुअल जॉन सर सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**सभी थानों और चौकियों में एक साथ किया अभियान का आगाज**

# जिले के अस्पतालों से शुरू हुई साइबर सुरक्षा की पाठशाला, दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

प्रदेश स्तर पर संचालित सेफ क्लिक अभियान-2026 का शुभारंभ बुधवार को जिलेभर में किया गया। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में जिले के सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में एक साथ जागरूकता अभियान शुरू करते हुए अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों को इसकी पहली कड़ी बनाया गया। अभियान के प्रथम दिवस पर थाना एवं चौकी प्रभारियों ने अपनी पुलिस टीम के साथ क्षेत्रीय अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में पहुंचकर साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। इस दौरान अस्पताल परिसरों में साइबर सुरक्षा संबंधी स्टेण्डी, पोस्टर एवं जागरूकता सामग्री प्रदर्शित कर मरीजों, उनके परिजनों, अस्पताल कर्मचारियों और आम नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, फेक कॉल, ओटीपी साझा करने के खतरों, बैंकिंग फ्रॉड, सोशल मीडिया हैकिंग और डिजिटल भुगतान से जुड़े अपराधों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने समझाया कि साइबर अपराधी लोगों को झांसे में लेने के लिए नए-नए तरीके अपनाते हैं, इसलिए किसी भी अनजान कॉल, संदेश या आकर्षक ऑनलाइन ऑफर पर बिना सत्यापन भरोसा नहीं करना चाहिए। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को बताया गया कि यदि कोई साइबर अपराध होता है तो तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें तथा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शीघ्र शिकायत दर्ज कराएं। पुलिस अधिकारियों ने समय पर शिकायत दर्ज कराने के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि शुरुआती घंटों में सूचना मिलने पर ठगी गई राशि को वापस दिलाने की संभावना बढ़ जाती है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने बताया कि सेफ क्लिक अभियान-2026 के तहत आगामी 15 दिनों तक जिलेभर में व्यापक जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की जाएंगी। अभियान के अंतर्गत कार्यशालाएं, जनसंवाद चौपाल, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में विशेष संवाद कार्यक्रम, सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता अभियान तथा अन्य जनसंपर्क गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक साइबर सुरक्षा का संदेश पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में जागरूकता ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी किशोर गिरफ्तार

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले एक ग्राम में एक नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म का गंभीर मामला प्रकाश में आया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़िता को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजा है, वहीं आरोपी किशोर को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकारी सदर ने बताया कि पुलिस को स्थानीय ग्राम में एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म किए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए कोतवाली थाना पुलिस ने बिना किसी देरी के तत्काल मौके पर पहुँचकर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस द्वारा मामले में सुसंगत व गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। सीओ के मुताबिक, पीड़ित नाबालिग बालिका को तत्काल डॉक्टरी परीक्षण और उपचार के लिए जिला अस्पताल (मेडिकल हेतु) भेजा गया है। वहीं, तत्परता दिखाते हुए पुलिस ने वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी, जिसकी उम्र करीब 16 वर्ष (किशोर) है, को नियमानुसार हिरासत में ले लिया है। पुलिस द्वारा विधिक प्रक्रिया पूरी करते हुए आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**किसानों के लिए एडवाइजरी जारी**

# सूखा सहनशील फसलें अपनाने, जल संरक्षण व फसल बीमा करवाने की दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिले में मौसम की अनिश्चितता, संभावित एल-नीनो प्रभाव, अनियमित वर्षा तथा बारिश के बीच लंबे शुष्क अंतराल की आशंका को देखते हुए कृषि विभाग ने किसानों के लिए विशेष कृषि परामर्श जारी किया है। जिला कृषि अधिकारी ने किसानों से वैज्ञानिक खेती अपनाकर खरीफ फसलों को संभावित नुकसान से बचाने और उत्पादन बनाए रखने की अपील की है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि यदि मानसून की शुरुआत में देरी होती है तो किसानों को लंबी अवधि वाली फसलों के स्थान पर कम समय में तैयार होने वाली एवं सूखा सहनशील फसलें जैसे उड़द, मूंग, तिल, बाजरा और ज्वार की खेती को प्राथमिकता देनी चाहिए। साथ ही बुवाई के लिए केवल प्रमाणित एवं उन्नतशील बीजों का उपयोग किया जाए तथा आवश्यकता पडऩे पर कृषि विभाग द्वारा सुझाई गई वैकल्पिक फसलों का चयन किया जाए। उन्होंने कहा कि खेतों में नमी बनाए रखने के लिए मेड़बंदी, कंटूर बंडिंग तथा वर्षा जल संचयन जैसी तकनीकों को अपनाना जरूरी है। किसानों को रिज एवं फरो (मेड़ एवं नाली) पद्धति से बुवाई करने की सलाह दी गई है, जिससे जल संरक्षण के साथ-साथ अधिक वर्षा की स्थिति में जल निकासी भी सुगम हो सके। पानी की कमी होने पर उपलब्ध सिंचाई संसाधनों का उपयोग जीवन रक्षक सिंचाई के रूप में करने तथा ड्रिप एवं स्प्रिंकलर जैसी सूक्ष्म सिंचाई प्रणालियों को अपनाने पर जोर दिया गया है। कृषि विभाग ने किसानों को मृदा परीक्षण के आधार पर संतुलित उर्वरकों के उपयोग की सलाह देते हुए नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के प्रयोग को बढ़ावा देने की बात कही है। इसके अलावा खेतों में फसल अवशेषों की मल्चिंग कर मिट्टी की नमी लंबे समय तक सुरक्षित रखी जा सकती है।

**पपौरा ट्रस्ट विवाद में नया मोड़ः प्रेसवार्ता कर ट्रस्ट पदाधिकारियों ने लगाए गंभीर आरोप**

# कूटरचित चैक के आधार पर किये गये षड्यंत्र का हो चुका भंडाफोड़ः विनय सुनवाहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले के प्रसिद्ध दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र पपौरा जी ट्रस्ट से जुड़ा वर्षों पुराना विवाद एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। बुधवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने भाजपा पार्षद एवं ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजीव जैन वर्धमान पर गंभीर आरोप लगाते हुए दावा किया कि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) न्यायालय टीकमगढ़ ने प्रथम दृष्टया उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर उनके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

ट्रस्ट के मंत्री विनय जैन ने पत्रकारों को बताया कि यह मामला श्री 1008 दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र पपौरा जी के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय कोमलचंद जैन सुनवाहा एवं पूर्व कोषाध्यक्ष हेमचंद्र सिंघई से जुड़ा हुआ है। आरोप है कि वर्ष 2012 के 80 हजार रुपए के एक चैक में कूटरचना कर वर्ष 2020 अंकित किया गया और उसी के आधार पर दोनों वरिष्ठ पदाधिकारियों के विरुद्ध संगीन धाराओं में आपराधिक मामला दर्ज कराया गया था। विनय जैन के अनुसार पुलिस जांच में कोमलचंद सुनवाहा और हेमचंद्र सिंघई के विरुद्ध



लगाए गए आरोप प्रमाणित नहीं हुए, जिसके बाद न्यायालय ने उस प्रकरण को समाप्त कर दिया था। इसके बाद परिवाद प्रस्तुत कर राजीव जैन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। उन्होंने बताया कि सीजेएम न्यायालय ने उपलब्ध दस्तावेजों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद राजीव जैन वर्धमान के विरुद्ध बीएनएस 2023 की धारा 336(4) एवं 340(2) सहित अन्य संबंधित प्रावधानों के अंतर्गत मामला दर्ज कर विचारण हेतु स्वीकार किया है। प्रेस वार्ता में यह भी आरोप लगाया गया कि पूर्व अध्यक्ष कोमलचंद सुनवाहा और कोषाध्यक्ष हेमचंद्र सिंघई को अग्रिम जमानत का लाभ न मिल सके, इसके लिए कथित रूप से उसी कूटरचित चैक को शपथ पत्र के साथ उच्च न्यायालय जबलपुर में प्रस्तुत कर न्यायालय को भी गुमराह करने का प्रयास किया गया। ट्रस्ट पदाधिकारियों का कहना है कि इस पूरे घटनाक्रम से समाज में कोमलचंद सुनवाहा की प्रतिष्ठा को गहरा आघात पहुंचा और वे लंबे समय तक मानसिक रूप से परेशान रहे। उन्होंने बताया कि कोमलचंद सुनवाहा ने अपने जीवन के लगभग 50 वर्ष क्षेत्र और समाज की सेवा में समर्पित किए थे। मामले को लेकर ट्रस्ट पदाधिकारियों ने पूर्व अध्यक्ष अनिल जैन बड़कुल पर भी आरोप लगाए। उनका कहना था कि पपौरा क्षेत्र के संविधान में कथित छेड़छाड़ का मामला रजिस्ट्रार ट्रस्ट के समक्ष पहुंचा था, जिसमें अनिल जैन बड़कुल को दोषी माना गया था। इसके बाद प्रबंध कार्यकारिणी ने उन्हें पद और सदस्यता से बर्खास्त कर दिया था। पदाधिकारियों का आरोप है कि इसके बाद व्यक्तिगत रंजिश के चलते विभिन्न न्यायालयों में शिकायतें और परिवाद प्रस्तुत किए गए। प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह भी कहा गया कि वर्ष 2013 में लगाए गए आरोपों को आधार बनाकर न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया गया था, जिसे वर्ष 2016 में खारिज कर दिया गया।

बाद में जिला न्यायालय में दायर रिवीजन याचिका भी वर्ष 2017 में निरस्त हो गई थी। इसके बावजूद उन्हीं पुराने चैको में से एक 80 हजार रुपए के चेक को आधार बनाकर वर्ष 2020 में पुनः मामला दर्ज कराया गया। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने भाजपा पार्षद राजीव जैन पर नगर पालिका क्षेत्र में अतिक्रमण के भी आरोप लगाए। उनका कहना है कि नवीन स्टेट बैंक के सामने नगर पालिका द्वारा आवंटित दुकानों की गैलरी में स्थायी निर्माण कर कब्जा किया गया है, जिसकी शिकायत कई बार की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित वाणिज्यिक परिसर में पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के बावजूद उसका संचालन किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में यातायात प्रभावित होता है और अक्सर जाम की स्थिति बनती है।

## नहीं हुई आर्केस्ट्रा नगरपालिका परिषद ने दी स्थगन की सूचना

# ठेकेदार गिरफ्तार, पूरी सुरक्षा के साथ फिर संचालित किया मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्री हजारेश्वर महादेव मेला में चल रहा विवाद तब थमता दिखाई दिया जब पुलिस ने मेला ठेकेदार भागचंद शिवहरे को बड़ौदा रोड स्थित नब्बन मार्केट से रेड मारकर गिरफ्तार कर लिया और मेला गेट पर ताला लगाकर धरना दे रहे आंदोलनकारियों की मांगों को मांनने का आश्वासन दिया। मेले में जिस युवक ने अपने साथ मारपीट की रिपोर्ट लिखाई थी उसमें बताई गई तहरीर के अनुसार लूट की धाराएं भी जांच उपरांत बनाए जाने का आश्वासन पुलिस ने दिया है, याद रहे कि सोमवार की रात मेले में मारपीट की घटना होने के बाद भाजपा और कांग्रेस नेताओं ने मिलकर मेला गेट के बाहर धरना दिया और मेले का संचालन बंद करा दिया था। हालांकि मेला सोमवार की रात झगड़े के बाद से ही बंद हो गया था पर दूसरे दिन मेले को आंदोलनकारी ने चलने नहीं दिया। इस दौरान नगरपालिका ने बुधवार को मेला रंगमंच पर होने वाली आर्केस्टा भी स्थगित कर दी है।

मेला में झूला झूलने के दौरान जाट समाज के कुछ युवकों का मेला झूला वालों से विवाद हो गया था। विवाद इतना अधिक हुआ कि मारपीट की नौबत आ गई दोनों ओर से जमकर लाठी डंडे चले इस मामले में पुलिस ने मेला ठेकेदार के अलावा पांच अज्ञात के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज कर ली थी लेकिन जाट समाज से जुड़े नेता और बड़ी संख्या में युवाओ ने मेला बंद कराकर गेट पर ताला जड़कर धरना शुरू कर दिया। बाद में इस धरने को कई कांग्रेसी नेताओं ने भी समर्थन दिया और धरने पर बैठे देर शाम पुलिस द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद आंदोलनकारियों ने मेला बंद करने का निर्णय वापस ले लिया लेकिन मंगलवार को मेला रात में भी पूरी तरह बंद रहा इस दौरान विधायक बाबू जंडेल, पूर्व विधायक दुर्गा लाल विजय, कांग्रेस नेता एवं पूर्व नपाध्यक्ष दौलत राम गुप्ता, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष महावीर सिंह सिसोदिया एवं सुरेंद्र जाट, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट सहित बड़ी संख्या में भाजपा और कांग्रेस नेता धरना प्रदर्शन में शामिल हुए, इस दौरान सीएमओ ने मेला ठेकेदार को घटना के बारे में जवाब देने के लिए नोटिस जारी किया है जिसमें जवाब संतोषजनक नहीं मिलने पर ठेकेदार को ब्लेक लिस्टेड करने की चेतावनी भी दी गई है।



### दुकानदार की शिकायत पर अज्ञातों के खिलाफ एफआईआर

उधर कोतवाली पुलिस ने एक दुकानदार के आवेदन पर से अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट करने धमकाने तोड़फोड़ करने की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। दुकानदार ने शिकायत की थी कि मंगलवार को दिन में मेला बंद करने की बात कहने आए युवकों ने मेले में तोड़फोड़ की और धमकी दी दुकानदार में संबंधित युवकों के सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से बनाए गए वीडियो भी पुलिस को सौपे हैं।

### पुलिस ने फिल्मी अंदाज में मेला ठेकेदार को उठाया

घटना के बाद मेला ठेकेदार 2 दिन से फरार चल रहा था जो वीडियो जारी हुए थे उसमें मेला ठेकेदार भी युवकों पर डंडे बरसता दिखाई दे रहा था आंदोलनकारी इससे भी नाराज थे कि जिस व्यक्ति को नगर पालिका ने ठेका दिया है वह गुंडों मवालियों की तरह लड़ाई झगड़ा कर रहा है हालांकि पुलिस ने ठेकेदार पर एफआईआर दर्ज कर ली थी लेकिन वह अचानक मेला से गायब हो गया और कहां था किसी को खबर नहीं थी लेकिन बीती रात पुलिस ने अचानक उसे नब्बन मार्केट में से तब उठा लिया जब वह सड़क किनारे खड़ा था सूत्रों के अनुसार ठेकेदार वहीं किसी के यहां कमरा किराए पर लेकर रह रहा था। और जिस समय पुलिस ने उसे उठाया उस समय वह पास में ही बनी एक होटल पर भोजन करने निकला था लेकिन मुखबिर की सटीक जानकारी पर पुलिस ने उसे होटल पहुंचने से पहले ही दबोच लिया।

### इनका कहना...

मेला ठेकेदार पर पुलिस ने एफआईआर कर ली है उसे गिरफ्तार भी कर लिया गया है। जांच में धाराएं भी बढ़ाने का आश्वासन पुलिस ने दिया है मेला बुधवार से संचालित रहेगा इस दौरान होने वाली आर्केस्ट्रा स्थगित कर दी गई है।

**अकबर अली दाऊदी**
**मैला अध्यक्ष श्योपुर**

मेला ठेकेदार को अरेस्ट करने के साथही अन्य अज्ञात आरोपियों को भी नामजद कर लिया है। मेले में पुलिस सुरक्षा बढाई जाएगी। मेले के दौरान जो भी कानून व्यवस्था को तोडने की कोशिश करेगा, उसे किसी भी सूरत में छोडा नहीं जाएगा।

**राजीव गुप्ता**
**एसडीओपी, श्योपुर**

## राजस्थान के झालावाड़ निवासी ससुरालियों पर एफआईआर दर्ज

# विवाहिता दहेज में नहीं लाई 10 लाख रुपए तो ससुरालीजनों ने प्रताड़ित कर घर से निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

एक नव विवाहिता और उसकी मासूम बेटी को ससुरालीजनों ने इसलिए प्रताडित करके घर से निकाल दिया,क्योंकि नव विवाहिता दहेज में 10 लाख रूपए लेकर नहीं आई। इस मामले में श्योपुर की महिला थाना पुलिस ने पीडित नव विवाहिता की शिकायत पर उसके झालावाड निवासी पति समेत तीन ससुरालीजनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

महिला थाना टीआई यास्मीन खान ने बताया कि श्योपुर निवासी कुंजबिहारी मंगल की 24 वर्षीय बेटी चित्रांशी की शादी करीब छह साल पूर्व राजस्थान के झालावाड निवासी टेंट कारोबारी श्याम अग्रवाल के पुत्र कौशल अग्रवाल के साथ हुई थी। शादी के बाद उसे एक बेटी भी हो गई। विवाहिता चित्रांशी ने शिकायत दर्ज कराई कि ससुरालीजन उसे दहेज में 10 लाख रूपए लाने के लिए काफी दिनों से प्रताडित कर रहे थे, लेकिन वह घर न बिगडे,इसलिए प्रताडना सहन कर रही थी। इसके बाद ससुरालीजनों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता और उसकी बेटी को प्रताडित करने के बाद घर से भी निकाल दिया। इस मामले में पीडिता चित्रांशी की रिपोर्ट पर उसके पति कौशल, ससुर श्याम अग्रवाल तथा सास संतोष अग्रवाल निवासी झालावाड के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## प्रशासन ने जायजा लिया, चाक चौबंद रहेगी सुरक्षा व्यवस्था

# आज गस्त पर निकलेंगे ताजिए कल करबला में होंगे विसर्जित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मोहर्रम का 10 दिवसीय उत्सव आशूरा (मोहर्रम की 10 तारीख) शुक्रवार को ताजियों का मातमी जुलूस निकाला जाएगा। सभी ताजिएदारों सहित मुस्लिम समाज ने जुलूस निकाला जायगा। इससे पहले गुरुवार की रात ताजिए गस्त पर निकलेंगे। पुलिस प्रशासन ने त्यौहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी हैं। जिला प्रशासन ने भी ताजियो का रूट का निरिक्षण कर व्यवस्था बनाने के निर्देश दे दिए हैं।

मोहर्रम माह की 10 तारीख को पैंगम्बर हजरत मोहम्मद सल. के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके परिवार की शहादत के रुप में ताजिए निकाले जाते हैं। शुक्रवार को ताजियों का मातमी जुलूस दोपहर 12 बजे से शुरु हो जाएगा, 01 बजे तक सभी ताजिए किला रोड हम्मालान मस्जिद से सूबात चौराहे तक रखे जाएंगे, जहां फातिहा पढ़ी जाएगी। दोपहर 02 बजे से ताजियों का जुलूस टोड़ी गणेश बाजार से होता हुआ करबला घाट पहुंचेगा। शांति समिति की बैठक में हुए निर्णय के मुताबिक सभी ताजिए सूर्यास्त से पहले निकल जाएंगे, ताकि मंदिर पर होने वाली आरती के दौरान जुलूस में कोई व्यवधान पैदा न हो। कलेक्टर शीला दाहिमा के निर्देश पर एड़ीएम रुपेश उपाध्याय, एसडीएम गगन मीणा सहित प्रसासनिक अमले ने ताजियो का रूट और क़र्बला पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।





### दाऊदी बोहरा समुदाय ने निकाला जुलूस

मोहर्रम के 10 तारीख को यौमे शहादत मनाते हुए दाऊदी बोहरा समाज में बुधवार को मातमी जुलूस निकाला। सूबात चौराहा से शुरू हुआ जुलूस बोहरा समुदाय के सामुदायिक भवन जमातखाना में पहुंचकर संपन्न हुआ परंपरागत वेशभूषा में या हुसैन कहते हुए अपनी छाती पीट कर मातम मनाते चल रहे थे हाथों में मजहबी हरे और लाल रंग का झंडा भी था

### आज रात भर चलेगा मातमी जुलूस

शुक्रवार को ताजिया विसर्जन से पहले गुरुवार की रात आज यह गस्त पर निकलेंगे इस दौरान रात 12 बजे के बाद कुछ ताजिए बाजार में गस्त पर निकाले जायेंगे जो पो फटने से पहले अपने-अपने इमामबाड़ों पर चले जाएंगे जो ताजिए गस्त पर बाजार में नहीं आएंगे वह अपने-अपने क्षेत्र मोहल्ले की परिक्रमा लगाएंगे जिसे देखने के लिए रात भर बाजार और मोहल्लो में जुलूस उमड़ेगा।

# जनजातीय परिवारों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करें: एडीएम



श्योपुर। कलेक्टर शीला दाहिमा के निर्देशानुसार जनजातीय समुदाय के हितो की सुरक्षा के संबंध में आयोजित बैठक में अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने निर्देश दिये कि जिले में निवासरत सभी जनजातीय परिवारों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की जायें। उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय के सभी परिवारों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत प्रत्येक माह खाद्यान की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए ऐसे परिवार जिनकी ई-केवायसी नही हुई है, उनकी ई-केवायसी की जायें। इसके साथ ही आदिवासी समुदाय के भूमि संबंधी मामलों का निराकरण तेजी से किया जायें। बैठक के दौरान डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, विजय शाक्य, तहसीलदार श्योपुर दर्शनलाल बौद्ध, बडौदा सुरेश राठौर, नायब तहसीलदार टीएस लकडा, फूड इस्पेक्टर सुनील शर्मा, संजीव शर्मा आदि अधिकारी उपस्थित थे। अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने कहा कि समग्र आईडी आदि तकनीकी समस्याओं के चलते जिनकी खाद्यान पात्रता पर्ची जारी नही हुई है, उनकी समस्याओं का समाधान कर पात्रता पर्ची जारी की जायें तथा पात्र एवं उपयुक्त व्यक्ति को खाद्यान की उपलब्धता सुनिश्चित की जायें। अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये कि आदिवासी समुदाय की भूमियों का संरक्षण सुनिश्चित किया जायें तथा उनकी जमीनों पर कब्जे हटाने की कार्यवाही जारी रखी जायें। आदिवासी कृषको की भूमि अन्यत्र लोगों के नाम होने की स्थिति की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत की जायें



# खाद व्यवस्था को लेकर केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने लिखा कलेक्टर को पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले में खाद वितरण व्यवस्था में मिल रही खामी को दूर करने के उद्देश्य से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कलेक्टर शीला दाहिमा को पत्र लिखा है, यह पत्र पूर्व विधायक ब्रजराज सिंह चौहान द्वारा खाद वितरण व्यवस्था में ई-कूपन के माध्यम से हो रही शिकायतों को देखते हुए केंद्रीय मंत्री सिंधिया के संज्ञान में लाने के बाद लिखा गया। पूर्व विधायक चौहान के पत्र का हवाला देते हुए केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कलेक्टर को पत्र लिखते हुए उल्लेख किया है कि श्योपुर जिले में ई-टोकन के माध्यम से खाद वितरण की जांच कर खुद खाद वितरण आपूर्ति सुनिश्चित कराए. ज्ञात हो की पूर्व विधायक चौहान ने किसानों से मिली शिकायत के बाद कलेक्टर से भी ई-टोकन व्यवस्था में गड़बड़ी की शिकायत की थी।

# बीईओ का ट्रांसफर अशोकनगर अधीनस्थ स्टाफ ने दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सहायक संचालक (शिक्षा) एवं खंड शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा का ट्रांसफर अशोकनगर हो जाने पर उनके अधीनस्थ कार्यालयीन स्टाफ और शिक्षकों द्वारा उन्हें शुभकामनायें देने का सिलसिला जारी है। ज्ञात हो कि मधु शर्मा को पीएससी सलेक्ट होने पर श्योपुर में सहायक संचालक बनाकर भेजा था बाद में उन्हें व्यवस्था संभालने के उद्देश्य से उन्हें डीडीओ प्रभार सहित खंड शिक्षा अधिकारी श्योपुर का प्रभार दिया गया था।

# किरण श्योपुर की डीपीसी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर जिले की नई जिला परियोजना समन्वयक अब किरण कौशिक होगी। क्योंकि इस तरह का आदेश बुधवार को स्कूली शिक्षा विभाग के द्वारा जारी कर दिया गया है। भोपाल से जारी आदेश के मुताबिक सहायक संचालक किरण कौशिक वर्तमान में निवाडी जिले में अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक रूप में पदस्थ है। जहां से उन्हें शासन द्वारा ट्रांसफर करते हुए श्योपुर का जिला परियोजना समन्वयक बनाया गया है।

# महायज्ञ के साथ हुआ दो दिवसीय गायत्री जयंती समारोह का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



गायत्री शक्ति पीठ श्योपुर पर चल रहे दो दिवसीय जयंती समारोह कार्यक्रम का महायज्ञ के साथ समापन हो गया। गायत्री शक्ति पीठ श्योपुर पर गायत्री जयंती के उपलक्ष्य पर दो दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन 23 जून को प्रातः 6 बजे से 12 घंटे का सामूहिक गायत्री मंत्र जप किया गया तथा उसके पश्चात दीप महा यज्ञ का आयोजन हुआ। दूसरे दिन 24 जून को प्रातः गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें विश्व कल्याण हेतु आहुति दी गई। संयोगवश तत्समय अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित राम शर्मा आचार्य जी का महा प्रयाण दिवस भी था सो भक्तो के लिए यह दिन और अधिक श्रद्धापूर्ण हो गया। इस अवसर पर उन्हें भी विशेष आहुतियां दे कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

योग गुरु डॉ ओम प्रकाश टकसाली एवं विष्णु कांता टकसाली के विवाह के53 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उनका विवाह दिवस संस्कार भी कराया गया। यज्ञ का संचालन चौथमल शर्मा ने किया। इस अवसर पर गायत्री परिवार के कैलाश पाराशर, आदित्य चौहान, आर डी यादव, सुगन चंद रावत, राजेंद्र गुप्ता, लेखराज सुमन, बृजनेश सिंह परिहार, राकेश शर्मा, कैलाश राठौर, डॉ श्वेता सिंहल, महेंद्र शर्मा, विप्लव शर्मा, कुशाग्र शर्मा, सियाराम सुमन , जगदीश शर्मा, प्रमोद शर्मा,बंटी लोधा, दिलखुश, अंजली गौड, शिवांशी, सहित अन्य साधक उपस्थित रहे।

## प्यार में धोखा खाई युवती ने बड़ौदा में दर्ज कराई रिपोर्ट,प्रेमी पर एफआईआर दर्ज

# पहले प्रेमजाल में फंसाया, फिर शादी का झांसा देकर करता रहा दुष्कर्म, अब शादी से इनकार कर प्रेमी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

करीब सालभर पहले युवती को नजदीकी गांव में रहने वाले एक युवक ने अपने प्रेमजाल में फंसा लिया और फिर शादी करने का झांसा देकर युवक, युवती को भगाकर इंदौर ले गया, जहां उसे पत्नी की तरह रखते हुए उसके साथ दुष्कर्म भी किया। जब युवती ने शादी करने के लिए प्रेमी युवक पर दबाब बनाया तो प्रेमी युवक ने शादी करने से साफ इनकार कर दिया और वह युवती को अकेला छोडकर फरार हो गया। इसके बाद पीडित युवती ने थाने पहुंचकर प्रेमी युवक के खिलाफ शादी करने झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने की शिकायत दर्ज कराई है। यह मामला बडौदा थाना क्षेत्र का है। इस मामले में बडौदा थाना पुलिस ने मामले की जांच के बाद पीडित युवती की शिकायत पर प्रेमी युवक के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य कई धाराओ में केस दर्ज करते हुए उसकी तलाश शुरू कर दी है।

प्यार में धोखा खाने वाली युवती 24 साल की है और बडौदा थाना क्षेत्र की निवासी है। पीडित युवती ने बुधवार को बडौदा थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि जिस युवक ने उसे प्यार में धोखा दिया है,उसका नाम रामसिंह मीणा है और वह मूंडला गांव का निवासी है। पीडिता के मुताबिक रामसिंह उसी के समाज का अविवाहित युवक है,जिसने उसे करीब सालभर पहले अपने प्रेमजाल में फंसा लिया और फिर सपने दिखाए कि वह उसके साथ शादी करके पूरा जीवन उसी के साथ बिताएगा तथा उसे पूरे जीवन रानी बनाकर रखेगा। प्रेमी के इसी झांसे में आई युवती अपने माता पिता का घर छोडकर रामसिंह के साथ भाग गई। पीडिता ने बताया कि रामसिंह उसे जल्द ही शादी करने का भरोसा देकर इंदौर भगा ले गया। इंदौर में प्रेमी ने उसे पत्नी की तरह रखते हुए उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। कुछ महिने इंदौर में रखने के बाद प्रेमी युवक उसे मूंडला गांव ले आया और यहां भी उसे शादी करने का भरोसा दिलाते हुए उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। जब पीडिता ने सालभर का समय बीतने के बाद प्रेमी युवक पर शादी करने का दबाव बनाया तो प्रेमी शादी करने से साफ मुकर गया कि अब मै तुमसे शादी नहीं करूंगा और फिर पीडिता को अकेला छोडकर फरार हो गया।



### अब रिश्तेदार के यहां रहेगी पीड़िता

पुलिस के सूत्रो के मुताबिक प्यार में धोखा खाकर लौटी पीडित युवती को उसके माता पिता ने अपने साथ रखने से साफ इनकार कर दिया है। जिसके बाद युवती को उसके रिश्तेदारो ने अपने घर पर रखने का भरोसा दिलाया है। बताया गया है कि पुलिस ने युवती की सहमति के बाद उसे भरोसा दिलाने वाले रिश्तेदार के साथ भेजने सबंधी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पीडिता की रिपोर्ट लिखने श्योपुर से बुलाई महिला इंस्पेक्टर

जब पीडित युवती ने बडौदा थाने पहुंचकर अपनी सारी आप बीती पुलिस को बताई। चूंकि बडौदा थाने में कोई महिला पुलिस अधिकारी पदस्थ नहीं है,इसलिए बडौदा थाना पुलिस ने पीडित युवती की परेशानी सुनने के बाद उसकी रिपोर्ट दर्ज करने के लिए श्योपुर महिला थाने में बतौर थाना प्रभारी पदस्थ महिला इंस्पेक्टर यास्मीन खान को बडौदा थाने बुलाया। जहां महिला थाना प्रभारी यास्मीन खान ने पीडित युवती की फरियाद सुनने के बाद उसकी एफआईआर बडौदा थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी रामसिंह मीणा के खिलाफ विभिन्न धाराओ में एफआईआर दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### विवेचना जारी

फिलहाल आरोपी फरार है। लेकिन पीडिता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना की जा रही है।

**महेन्द्र सिंह धाकड**
**थाना इंचार्ज बडौदा**

# कांग्रेस को लगा जोर का झटका, श्योपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने इस्तीफा दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



कांग्रेस कांग्रेस कमेटी श्योपुर ब्लॉक के अध्यक्ष अब्दुल हमीद (भोला कबाड़ी) ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने इस्तीफे को व्यक्तिगत कारण बताया है लेकिन सूत्रों की माने तो वह विधायक बाबू जंडेल के कार्यकर्ताओं द्वारा उनके काम में दिए जा रहे अनावश्यक हस्थक्षेप से नाराज चल रहे थे। ब्लॉक अध्यक्ष का इस्तीफा कांग्रेस के लिए जोरों का झटका इसलिए भी माना जा रहा है क्योंकि यह पद संगठन ने मुस्लिम कार्यकर्त्ता के लिए आरक्षित किया हुआ है, इस्तीफा के बाद मुस्लिम समुदाय में कांग्रेस के प्रति नाराजगी व्याप्त होना संभव है।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी के नाम दिए इस्तीफे में अब्दुल हमीद ने उल्लेख किया है कि वह कांग्रेस पार्टी का निष्ठावान सक्रीय सदस्य है, जिसको कांग्रेस पार्टी की और से श्योपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष का दायित्व दिया गया है। किन्तु मेरे निजी पारिवारिक कारण एवं समय के अभाव में पार्टी के दिये दायित्वो एवं संगठन के कार्यों ठीक प्रकार से निर्वहन नही कर पा रहा हूँ। जिससे मेरा मन विचलित रहता है। इसलिए अपने पद से इस्तीफा दे रहा हूं जिसे स्वीकार किया जाए इस पत्र की कॉपी अब्दुल हमीद ने प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और संभागीय प्रभारी हरीश चौधरी को भी भेजी है। उधर सूत्रो के द्वारा इस्तीफे के पीछे विधायक प्रतिनिधि से उनकी अनबन होने की बात बताई जा रही है।

## खबर संक्षेप

### पूर्व विधायक डॉ. पंथी प्रदेश कार्यसमिति में शामिल

**बीना।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने मंगलवार को प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों की घोषणा की है। जिसमें नगर की पूर्व विधायक डॉ विनोद पंथी को भी प्रदेश कार्यसमिति में शामिल किया गया है। इस नियुक्ति पर पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया है। ललितपुर स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग का कार्य, कुछ ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से चलेगी

### कलेक्टर ने अनुकंपा नियुक्ति के पत्र सौंपे

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा मंगलवार को अनुकंपा नियुक्ति के दो प्रकरणों में संबंधितों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। कलेक्टर ने आंचल दुबे पुत्री स्व. श्रीराम दुबे निवासी चन्देरी रोड वार्ड न.01 मुंगावली जिला अशोकनगर को राजस्व विभाग में सहायक ग्रेड-03 के पद पर तथा अजय रैकवार पुत्र स्व. रामकिशन रैकवार निवासी वार्ड नं.15 हाटकापुरा चन्देरी जिला अशोकनगर को कर्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में भृत्य के पद पर अनुकंपा नियुक्ति के नियुक्ति पत्र प्रदान किये।

### युवक ने मकान की छत पर फांसी लगाकर की आत्महत्या

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत नरेन्द्र पुत्र प्राणसिंह रघुवंशी उम्र 40 साल जो जतौली का रहने वाला था और वर्तमान में जेल के पीछे निवास कर रहा था। उसने अज्ञात कारणों से मकान की छत पर जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

### 18 वर्षीय किशोर ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत स्थानीय मंदसौर मिल क्षेत्र निवासी राहुल पुत्र हरिओम उम्र 18 साल ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### पेंशनर्स आयोजित करेंगे धरना प्रदर्शन

**अशोकनगर।** प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के पेंशनरों के हितों की लगातार की जा रही अनदेखी को लेकर प्रदेश भर के पेंशनर्स में राज्य शासन के खिलाफ अत्यंत रोष व्याप्त है और अपनी मांगों तथा समस्याओं की ओर प्रदेश सरकार का ध्यान आकर्षित करने और उनके तुरंत समाधान की मांग को लेकर प्रदेश भर के पेंशनर प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांतीय आव्हान पर प्रदेश भर में जिला मुख्यालय पर 30 जून को कलेक्टर कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन कर अपनी मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन प्रस्तुत करेंगे। पेंशनर्स की प्रमुख मांगों में मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49 (6) को समाप्त किया जाए राज्य सरकार अपनी घोषणा के अनुरूप ही केंद्र के समान ही निश्चित तिथि और समय पर ही महंगाई राहत प्रदान करें मनमाने ढंग से पेंशनर्स की एरियर की रोकी गई राशि का भुगतान अविलंब किया जावे आदि पेंशनर संगठन के जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह रघुवंशी अवध बिहारी कटारे तथा संरक्षक बच्छराज अग्रवाल ने जिले भर के पेंशनर साथियों से अनुरोध किया है कि वह बड़ी संख्या में 30 जून को सांय 4.00 बजे कलेक्टर कार्यालय के समक्ष उपस्थित होने का कष्ट करें।

### 75 की जांच और 25 को चिन्हित कर ऑपरेशन को भेजा

**अशोकनगर।** करुणानिधि सेवा समिती माह के चैथे मंगलवार को निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन कराती है। इस बार भी चैथे मंगलवार को नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 75 मरीजों की जांच कर 25 को चिन्हित कर, श्री सदगुरु नेत्र चिकित्सालय सद्गुरू नगर आनंदपुर तहसील लटेरी विदिशा भेजा गया। इसमें डॉक्टर दीपक सिंह, शिवगणेश तथा रोटरी का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर करूणानिधि समिती के अध्यक्ष माधव सिंह, कोषाध्यक्ष पारसचन्द जैन रोटरी अध्यक्ष अजीत जैन, सुधीर गुप्ता मौजूद रहे।

---

3 घायलों का जिला अस्पताल में उपचार जारी, एक बाईक पर 5 और दूसरी बाईक पर 3 लोग बैठे थे

# दो बाईक आपस में टकराईं, एक की मौत, 7 लोग घायल, इलाज जारी





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



ईसागढ कदवाया सड़क मार्ग पर दो बाईक आपस में टकरा गईं, इस घटना में 7 लोग घायल हुए हैं, 3 घायलों का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है, जबकि एक गंभीर रूप से घायल को भोपाल भेजा गया था जहां बीच रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतक का पोस्ट मार्टम जिला अस्पताल अशोकनगर में किया गया है।

### घायलों को पहले ईसागढ अस्पताल लाया गया बाद में जिला अस्पताल भेजा गया

घटना की कहानी यह है कि एक बाईक पर 5 लोग दूसरी बाईक पर 3 लोग बैठकर ईसागढ कदवाया रोड से निकल रहे थे, तभी उनकी बाईक आपस में टकरा गईं। इस घटना में गंभीर रूप से घायलों को ईसागढ अस्पताल लाया गया, वहां से उन्हें अशोकनगर जिला अस्पताल रैफर किया गया।



### भोपाल ले जाते समय घायल की मौत

गंभीर रूप से घायल अन्नू उर्फ हेमन्त पुत्र मोहन सिंह उम्र 20 साल निवासी चारौदा को जिला अस्पताल से भोपाल रैफर किया गया था जहां बीच रास्ते में उसकी मौत हो गई, जबकि दोनों ही पक्ष के शेष घायलों का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है।

### एक बाईक पर पांच और दूसरी बाईक पर तीन लोग थे सवार

एक पक्ष की ओर से अन्नू अपनी मौसी विमलेश और रामबाबू यादव के साथ बाईक से जा रहा था, यह तीनों चारौदा गांव के रहने वाले हैं और खनियाधाना के पास गणेशखेड़ा में आयोजित शादी समारोह में भाग लेने के लिए जा रहे थे। जबकि दूसरे पक्ष की ओर से किशनगढ़ निवासी 5 लोग एक बाईक पर बैठकर कदवाया से बाजार कर वापिस अपने गांव किशनगढ़ जा रहे थे। जब उनकी बाईक बुढ़िया गांव के पास से निकल रही थी तभी दोनों बाईक आपस में टकरा गईं। इस घटना में दो बच्चे शामिल थे जिन्हें भी आंशिक चोटे आई हैं उन दोनों बच्चों को परिवारजन द्वारा घर भेज दिया गया है।

### एक परिवार से 3 और दूसरे परिवार से 4 घायल

इस घटना में अन्नू के परिवार की ओर से दो घायलों में रामबाबू यादव और विमलेश बाई यादव का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। इस घटना में विमलेश बाई को भी काफी चोटे आईं हैं और रामबाबू यादव भी गंभीर घायल हैं। जबकि दूसरे पक्ष की ओर से घायलों में अर्जुन पुत्र तुलसीराम आदिवासी, भारती पुत्री रामपाल आदिवासी और मीना पत्नि अर्जुन आदिवासी और उनका 3 साल का एक पुत्र भी शामिल है।

### बाईक जीप से आगे निकालने के दौरान सामने से दूसरी बाईक आई

घटना के बारे में बताया गया है कि यह दोनों बाईक चालक अलग अलग दिशाओं से आ रहे थे, एक कदवाया से लौट रहा था और दूसरा कदवाया की ओर जा रहा था, तभी आगे जा रही एक जीप के साईड ने देते हुए बाईक चालक ने वाहन को आगे निकालने का प्रयास किया तभी सामने से आ रही बाईक से उनका वाहन टकरा गया, घटना इतनी जबरदस्त थी कि लोग घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। अभी भी घटना के दो लोग गंभीर हैं और उनका उपचार चल रहा है।

---

धूमधाम से मनाई गायत्री जयंती

# अखंड जप का हुआ समापन गायत्री मंत्र के साथ दी आहुति



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

स्टेशन रोड स्थित गायत्री शक्ति पीठ पर बुधवार को धार्मिक आयोजनों के साथ गायत्री जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई। इस दौरान आध्यात्मिक माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व दिवस से चल रहे श्री गायत्री महामंत्र अखंड जप के समापन के साथ हुई। इसके पश्चात प्रातःकाल में श्री गायत्री सहस्त्रनाम महाभिषेक विधिवत मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न हुआ। इस दौरान शक्तिपीठ में विराजमान मां गायत्री का विशेष श्रृंगार किया गया। इसके बाद आयोजित गायत्री मंत्र दीक्षा एवं पंच कुंडीय यज्ञ में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यज्ञ के दौरान वातावरण वैदिक मंत्रों से गूंज उठा और उपस्थित लोगों ने राष्ट्र एवं समाज कल्याण की कामना की। शाम के समय दीप यज्ञ एवं संध्या नीरांजना का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु हुए।

**गायत्री जयंती पर दिन भर हुए धार्मिक अनुष्ठान**

गौरतलब है कि गायत्री जयंती माता गायत्री के प्राकट्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिसे वेदों की जननी और ज्ञान की देवी माना जाता है। इस दिन जप, तप, यज्ञ और साधना का विशेष महत्व होता है। दिन भर चले इन धार्मिक आयोजनों में स्थानीय गायत्री परिवार कार्यकर्ताओं के साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

---

पुण्यतिथि पर भाजपाईयों ने किया पितृ पुरुष को याद

# 'डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारत की एकता अखंडता के लिए प्राण दिए'



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी वह पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने भारत में भारत की एकता अखंडता के लिए प्राण दिए। यह बात भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने मंगलवार 23 जून को भाजपा के पितृ पुरुष डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा के तत्वाधान में स्थानीय ऐंगल इंग्लिश स्कूल में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि, तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने, संविधान में धारा 370 का प्रावधान कर, कश्मीर से जोड़ दिया था, और कश्मीर भारत से अलग है, यह धारणा बन गई थी, तब डॉक्टर मुखर्जी ने कहा था कि देश में दो विधान,दो प्रधान, दो निशान नहीं चलेंगे। और बिना परमिट लिए कश्मीर गए थे जहां उनके प्राणों का उत्सर्ग आज 23 जून के दिन हुआ था। भारत की एकता अखंडता राष्ट्रीयता के लिए हमें उनसे प्रेरणा लेना चाहिए भाई हमारे प्रेरणा पुरुष हैं विचारवंत हैं हम सब उनके विचारों पर चलते हैं आज हम सब उन्हें श्रद्धा पूर्वक नमन करते हैं। इस दौरान जिले भर में डॉक्टर मुखर्जी को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। भाजपा शहर मंडल एवं शहर मंडल द्वारा सिंधिया जनसंपर्क कार्यालय पर श्रद्धा सुमन कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया गया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी, पूर्व विधायक जजपाल सिंह मलकीत सिंह संधू अनीता जैन पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रविंद्र लोधी प्रांजल जैन सनत शर्मा बबलू यादव पिछला मोर्चा जिला अध्यक्ष माधव राज आदि रहे मौजूद।

---

# यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के चलते कई ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल अंतर्गत ललितपुर स्टेशन पर चल रहे यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के कारण कई ट्रेनों को अस्थाई रूप से परिवर्तित मार्ग से चलने का निर्णय लिया गया है। जिसका असर पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल से होकर संचालित होने वाली कुछ ट्रेनों पर भी पड़ेगा।

भोपाल मंडल जनसंपर्क अधिकारी अनुसार ट्रेन नंबर 12192 जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस

14 जुलाई से 20 जुलाई तक (07 फेरे) यह ट्रेन बीना-गुना-ग्वालियर परिवर्तित मार्ग से संचालित की जाएगी।

- यात्रियों से की गई अपील, ट्रेन का परिचालन, समय और मार्ग की जानकारी लेने के बाद ही करें यात्रा

ट्रेन नंबर 12721 हैदराबाद-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस

13 जुलाई से 20 जुलाई तक (08 फेरे) यह ट्रेन भोपाल-संत हिरदाराम नगर-नागदा-कोटा-बयाना-मथुरा जंक्शन परिवर्तित मार्ग से संचालित होगी। इसी तरह ट्रेन नंबर 18238 अमृतसर-बिलासपुर एक्सप्रेस 16 जुलाई से 19 जुलाई तक (04 फेरे) यह ट्रेन मथुरा जंक्शन-बयाना-कोटा-नागदा-संत हिरदाराम नगर-भोपाल परिवर्तित मार्ग से संचालित की जाएगी। इसके अलावा ट्रेन नंबर 12716 अमृतसर-नांदेड़ एक्सप्रेस 17 जुलाई से 20 जुलाई तक (04 फेरे) यह ट्रेन मथुरा जंक्शन-बयाना-कोटा-नागदा-संत हिरदाराम नगर-भोपाल परिवर्तित मार्ग से चलेगी। जनसंपर्क अधिकारी ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा प्रारंभ करने से पूर्व अपनी ट्रेन के नवीनतम परिचालन मार्ग, समय एवं अन्य जानकारी रेलवे की अधिकृत वेबसाइट एवं रेलवे हेल्पलाइन 139 अथवा संबंधित स्टेशन से प्राप्त कर यात्रा प्रारंभ करें।

---

आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश, जेल भेजा

# पुलिस ने बाइक सहित 300 पाव अवैध शराब की जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

पुलिस ने अवैध शराब का परिवहन करने वाले एक आरोपी को 300 पांव के साथ गिरफ्तार किया है साथ ही अवैध शराब ले जाने में उपयोग की जाने वाली बाइक को जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 34 (2) आबकारी एक्ट की धारा के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया। जहां से न्यायालय ने आरोपी को जेल भेजा है। पुलिस ने बताया कि मुखविर से सूचना प्राप्त हुई थी खिमलासा की ओर से एक युवक बाइक पर रखकर अवैध शराब ला रहा है। मुखबिर की सूचना पर खिमलासा रोड पर घेराबंदी की गई। कुछ समय बाद एक बाइक आती हुई आई। जिसे पुलिस ने रोकने की कोशिश की लेकिन बाइक चालक पुलिस को देखकर भागने लगा। जिसे पुलिस ने पकड़ ने की कोशिश की। तभी उसकी बाइक बरदौरा रेलवे अंडर ब्रिज के पास फिसल गई और वह गिर गया। उसके बाद आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर वाहन और शराब को छोड़कर मौके से भाग गया। मौके से पुलिस ने 300 पाव ( 54 लीटर) अवैध शराब जिसकी कीमत करीब 40500 एवं बाइक को जप्त किया गया। पकड़ी गई बाइक की कीमत करीब 80 हजार रुपए बताई जा रही है। बाद में पुलिस के द्वारा जांच करने पर वाहन चालक की पहचान रोहित पिता रामदास कुशवाहा उम्र 22 वर्ष निवासी प्रताप वार्ड के रूप में हुई जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट की धारा के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। जिसे मंगलवार को न्यायालय में पेश किया जिसे न्यायालय ने जेल भेज दिया। सराहनीय कार्य- कार्रवाई करने वालों में उनि जयसिह, प्रधान आरक्षक अनिल पाण्डेय ,आरक्षक दीपसिंह भदौरिया, बाबूलाल, राहुल सोलंकी, संदीप यादव, दिनेश राय की सराहनीय भूमिका रही ।

---

रामनगर सेवा सहकारी समिति में राशन वितरण घोटाले का मामला

# सात लाख की धोखाधड़ी के बाद गबन की धाराओं में मामला किया दर्ज




**दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

उपार्जन भावांतर योजना 2018 के अंतर्गत गरीब एवं पात्र हितग्राहियों को वितरित किए जाने वाले खाद्यान्न में कथित अनियमितताओं, अभिलेखों में हेरफेर तथा शासकीय संपत्ति के दुरुपयोग के गंभीर मामले में थाना चंदेरी पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

### यह अनियमित्ता 01 अक्टूबर 2018 से 01 फरवरी 2019 के बीच की

थाना चंदेरी में दर्ज एफआईआर क्रमांक 0358/2026 के अनुसार प्रकरण में भारतीय दंड संहिता की धारा 406 (आपराधिक न्यासभंग), 417 (छल) एवं 420 (धोखाधड़ी) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। एफआईआर दिनांक 22 जून 2026 को दर्ज की गई। दस्तावेजों के अनुसार मामला सेवा सहकारी समिति रामनगर, चंदेरी से संबंधित है तथा कथित अनियमितताओं की अवधि 01 अक्टूबर 2018 से 01 फरवरी 2019 के बीच की बताई गई है।

### जांच में कई तथ्य सामने आए

जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर संबंधित जिम्मेदार व्यक्तियों,समिति सहायक माफिया योगेश शर्मा ,देवदत्त सलया,शाखा प्रबंधक मोहनसिंह रघुवंशी शामिल हैं। प्रकरण में सहायक समिति प्रबंधक योगेश शर्मा का नाम प्रमुख रूप से सामने आया है। उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार उन्हें पूर्व में निलंबित भी किया जा चुका है। आरोप है कि भावान्तर एवं अभिलेखीय संधारण में गंभीर अनियमितताएं हुईं, जिससे शासन एवं हितग्राहियों के हित प्रभावित हुए।

### जिला प्रशासन का कड़ा रूख भी सामने आया

इस मामले में जिला प्रशासन ने भी कड़ा रुख अपनाया है। कलेक्टर, जिला अशोकनगर द्वारा जारी पत्र में उल्लेख किया गया है कि प्रकरण में प्रशासनिक निर्देशों की अवहेलना किए जाने के संबंध में मोहन सिंह रघुवंशी, प्रशासक, पैक्स रामनगर तथा देवदत्त सल्या, समिति प्रबंधक के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए। साथ ही आरोपी कर्मचारी योगेश शर्मा के विरुद्ध विभागीय जांच एवं अभियोजन कार्यवाही सुनिश्चित करने का अनुरोध भी किया गया है। कलेक्टर द्वारा जारी पत्र की प्रतिलिपियां आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं भोपाल, मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक भोपाल, संयुक्त आयुक्त सहकारिता ग्वालियर संभाग तथा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक गुना को प्रेषित की गई हैं, जिससे प्रकरण की गंभीरता स्पष्ट होती है।

### गरीब उपभोक्ताओं के खाद्यान्न का हनन

सूत्रों के अनुसार जांच एजेंसियां समिति के स्टॉक रजिस्टर, वितरण अभिलेख, वित्तीय दस्तावेज, खाद्यान्न उठाव एवं वितरण रिकॉर्ड तथा अन्य संबंधित दस्तावेजों का परीक्षण कर रही हैं। यदि जांच में आरोप प्रमाणित पाए जाते हैं तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जा सकती है। शासकीय से जुड़े इस प्रकरण को जिले के चर्चित मामलों में माना जा रहा है क्योंकि यह सीधे गरीब उपभोक्ताओं के खाद्यान्न अधिकारों से जुड़ा हुआ है। स्थानीय नागरिकों एवं उपभोक्ताओं ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। योगेश शर्मा अपराधिक रिकॉर्ड वाला व्यक्ति हे। पूर्व में चेक घोटाला ,मारपीट के अनेक संगीन अपराध दर्ज हैं योगेश शर्मा निलंबित है इसके बावजूद समिति के शाखा प्रबंधक मोहन सिंह रघुवंशी और पदस्थ समिति प्रबंधक रामदेव दत्त शल्य द्वारा योगेश शर्मा के खिलाफ फिर नहीं कराए जाने के कारण कलेक्टर एवं शासन अत्यंत नाराज है। मोहन सिंह रघुवंशी के द्वारा निलंबित योगेश शर्मा के खिलाफ विभागीय जांच की कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण भी दोनों अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने का संज्ञान लिया गया है।

### प्रमुख तथ्य

- थाना चंदेरी में एफआईआर क्रमांक 0358/2026 दर्ज।
- आईपीसी की धारा 406, 417 एवं 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध।
- घटना अवधि 01 अक्टूबर 2018 से 01 फरवरी 2019।
- मामला सेवा सहकारी समिति रामनगर, चंदेरी से संबंधित।
- योगेश शर्मा के विरुद्ध आपराधिक एवं विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया।
- मोहन सिंह रघुवंशी एवं देवदत्त सल्या के विरुद्ध कार्रवाई की अनुशंसा।
- जिला प्रशासन एवं सहकारिता विभाग द्वारा जांच जारी।

वर्ष 2018 में भावांतर की एक शिकायत समाचार पत्र में प्रकाशित होने पर शिकायतकर्ता तिलक राम शर्मा के द्वारा जांच एवं कार्रवाई की मांग की गई थी जिस पर से वर्ष 2018 में कलेक्टर पदस्थ कलेक्टर मंजू शर्मा ने जांच दल बनाया खाद्य विभाग के जांच दल के अधिकारी कृषि विभाग के अधिकारी सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने भावांतर में फर्जी पंजीयन एवं 700000 का गवन होना सिद्ध पाया था जिस पर से तात्कालिक कलेक्टर ने इस समय आरोपी योगेश शर्मा के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने और आवश्यक कार्रवाई करने के लिए बैंक को और समिति को लिखा गया था तब से लेकर आज तक यह फिर लंबित थी पूर्व कलेक्टर आदित्य सिंह जी के संज्ञान में मामला आने पर उन्होंने पुणे समिति को स्पष्ट लिखा कि दोषी के खिलाफ एफआईआर की जाए दवा की जांच की जाए सेवा समाप्त की जाए लेकिन शाखा प्रबंधक मोहन सिंह रघुवंशी एवं समिति प्रबंधक देवदास सालिया मिली भगत व सेंड घाट के कारण उक्त माफिया योगेश शर्मा के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की अब यह जो फिर हुई है या अपराध सिद्ध होने के बाद हुई है अब देखते हैं कि समिति एवं सहकारिता विभाग एवं बैंक इस राशन माफिया को सेवा समाप्त कब करता है।